## Periodic Test (20 July 2017)
**Class - X**
**Hindi**
**(Set - B)**

**Time: 2hrs.** **MM: 50**

प्र1. शब्द और पद में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र2. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए। (3)

क) जैसे ही घर से मै बाहर निकला, बिल्ली ने रास्ता काट दिया। (सरल वाक्य में बदलिए)

ख) खाना खत्म होने पर सब लोग चले गए। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग) लोकनायक का भाष्ण समाप्त होते ही लोग घर चले गए। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

प्र3. निम्नलिखित का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए:

कलाप्रवीण, अपना-पराया (2)

प्र4. समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए:

स्वर्ग को गया हुआ, भूख और प्यास (2)

प्र5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: (4)

क) वह ने खाना खा लिया।

ख) एक फूलों की माला लाओ।

ग) हर एक ने जूता पहन रखी थी।

घ) गर्म गाय का दूध लाओ।

प्र6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर, उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए: (2)

पत्थर की लकीर होना, जले पर नमक छिड़कना

प्र7. आप कैसे कह सकते है कि हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे? पठित पाठ के आधार पर समझाइए। (5)

प्र8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:

क) 'ओपन लड़ाई' किसे कहा गया है? यह अपूर्व क्यों थी? (2)

ख) शाल के वृक्ष भयभीत होकर धरती में क्यों धँस गए? (2)

ग) कबीर ने निंदक को पास रखने के लिए क्यों कहा? (2)

## Periodic Test (20 July 2017)
**Class - X**
**Hindi**
**(Set - A)**

**Time: 2hrs.** **MM: 50**

प्र1. शब्द और पद की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (2)

प्र2. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए। (3)

क) अभिनव बीमार था, इसलिए परीक्षा न दे सका। (सरल वाक्य में बदलिए)

ख) रमेश ने दिल्ली जाकर लाल किला देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ग) सच्चा मित्र संकट की घड़ी में काम आता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

प्र3. निम्नलिखित का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए:

डाकगाड़ी, हस्तलिखित (2)

प्र4. समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए:

क्रोध रूपी अग्नि, पाँच फलों का समाहार (2)

प्र5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए: (4)

क) मै मेरा कार्य समाप्त कर चुका हूँ।

ख) इस बात को वे नहीं समझ सकते है, न बोल सकते है।

ग) मुझे भारी भूख लगी है।

घ) संगीत की कसरत करना लाभदायक है।

प्र6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर, उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए: (2)

अपना उल्लू सीधा करना, आँखों का तारा

प्र7. समाजिक हित की पूर्ति से जुडे होने के बावजूद नेताजी के प्रस्ताव को हरिहर काका ने क्यों अस्वीकार कर दिया? (5)

प्र8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:

क) 26 जनवरी, 1931 का दिन किन कारणों से एक निराला दिन था? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर अपना उत्तर लिखिए। (2)

ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि ऊँचे-ऊँचे वृक्षों द्वारा आकाश की ओर देखने का क्या कारण था और वे किसे प्रतिबिंबित करते है? (2)

ग) कबीर ईश्वर का निवास कहाँ मानते है? स्पष्ट करें। (1)

प्र9. जुलूस और प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस का क्या प्रबंध था? 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए। (5)

प्र10. अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए। (5)

प्र11. निर्मल संगीत सभा, जयपुर नगर के गायकों के लिए एक चयन प्रतियोगता आयोजित करा रही है। इससे संबंधित एक विज्ञापन 20-30 शब्दों में तैयार कीजिए। (5)

प्र12. आपके विद्यालय में समर्थ एन.जी.ओ. की ओर से 'ई-कचरा निपटान' विषय पद दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के कैप्टन की ओर से 20-30 शब्दों में इसकी सूचना दीजिए। (5)

**प्र13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें: (5)**

विज्ञान ने मानव जीवन को सुखद व सुगम बना दिया है। पहले लंबी दूरी की यात्रा करना मनुष्य के लिए अत्यंत कष्टदायी होता था। अब विज्ञान ने मनुष्य की हर प्रकार की यात्रा को सुखमय बना दिया है। सड़कों पर दौड़ती मोटरगाड़ियाँ एवं एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ इसका उदाहरण है। पहले मनुष्य के पास मनोरंजन के लिए विशेष साधन उपलब्ध नहीं थे। अब उसके पास मनोरंजन के हर प्रकार के साधन उपलब्ध हैं।

रेडियो, टेपरिकॉर्डर से आगे बढ़कर अब एलइडी, डीवीडी एवं डीटीएच, कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल का ज़माना आ गया है। यही नहीं मनुष्य विज्ञान की सहायता से शारीरिक कमज़ोरियों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा (निजात) पाने में अब पहले से कहीं अधिक सक्षम हो गया है और यह सब संभव हुआ चिकित्सा क्षेत्र में आई वैज्ञानिक प्रगति से।

अब ऐसी असाध्य बीमारियो का इलाज भी संभव है, जिन्हें पहले लाइलाज समझा जाता था। अब टीबी सहित कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों को शुरूआती स्तर पर ही समाप्त करना संभव हो गया है। आज हर हाथ में मोबाइल का दिखना भी विज्ञान के वरदान का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

प्रश्न

I. विज्ञान ने मनुष्य के जीवन को कैसे सुखद बनाया है? स्पष्ट कीजिए।

II. विज्ञान ने मनुष्य को क्या-क्या सुविधाएँ दी है? संक्षेप में बताइए।

III. चिकित्सा क्षेत्र में विज्ञान से क्या लाभ हुए हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

प्र9. कबीर अपनी साखियों के माध्यम से समाज को क्या संदेश देना चाहते थे? (5)

प्र10. ऑटो-रिक्शा चालकों की मनमानी एवं अनियमितता को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने हेतु अनुरोध करते हुए राज्य परिवहन मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखिए। (5)

प्र11. 'ऑनलाइन शॉपिंग डॉट कॉम' कंपनी की ओर से ऑनलाइन खरीदारी के बारे में जानकारी देते हुए कंपनी की ओर से लगभग 25 शब्दों में विज्ञापन लेखन कीजिए। (5)

प्र12. विद्यालय के वार्षिकोत्सव में अनुपस्थित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र लेंने हेतु पुरस्कार वितरण समिति के अध्यक्ष की ओर से 20-30 शब्दों में सूचना लिखिए। (5)

**प्र13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें: (5)**

हमेशा से ही भारत की कलाएँ और हस्तशिल्प इसकी सांस्कृतिक और परंपरागत प्रभावशीलता को अभिव्यक्त करने का माध्यम रही हैं। भारत के विभिन्न प्रदेशों में कला की अपनी एक विशेष शैली और पद्धति है, जिसे लोक कला के नाम से जाना जाता है। लोक कला के अलावा भी परंपरागत कला का एक अन्य रूप है, जो अलग-अलग जनजातियों और देहात के लोगों में प्रचलित है। इसे जनजातीय कला के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

भारत की लोक और जनजातीय कलाएँ बहुत ही पारंपरिक और साधारण होने पर भी इतनी सजीव और प्रभावशाली है कि उनसे देश की समृद्ध विरासत का अनुमान स्वतः ही लग जाता है।

अपने परंपरागत सौंदर्य भाव और प्रामाणिकता के कारण भारतीय लोक कला की अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में संभावना बहुत प्रबल है। भारत की ग्रामीण लोक चित्रकारी के डिज़ाइन बहुत सुंदर हैं, जिसमें धार्मिक और आध्यात्मिक चित्रों को उभारा गया है। तथापि लोक कला केवल चित्रकारी तक ही सीमित नहीं है।

प्रश्न

I. लोक कला से क्या अभिप्राय है?

II. परंपरागत कला के कौन-कौन से रूप हैं?

III. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय लोक कलाओं की क्या स्थिति है?